



नवभारत 10
इंदौर, रविवार, 10 मई, 2026


# लोग बोले : मकान तोड़े जा रहे, सड़कों पर कब्जे बरकरार

- तराना में विकास नहीं, दोहरे मापदंड पर उठे सवाल
- नगर में सड़क चौड़ीकरण के साथ अतिक्रमण हटाना भी जरूरी





**तराना।** नगर में इन दिनों सवारी मार्ग के चौड़ीकरण कार्य को लेकर प्रशासन द्वारा रहवासियों से अपील कर जो हिस्सा चौड़ीकरण में आ रहा हे वह तुड़वाया जा रहा है। नागरिक भारी मन से विकास कार्य में सहयोग भी कर रहे हैं, लेकिन दूसरी ओर वर्षों से सरकारी भूमि एवं यातायात मार्गों पर कब्जा जमाए बैठे अतिक्रमणकारियों पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं होना कई सवाल खड़े कर रहा है। आमजन का कहना है कि यदि सड़क चौड़ीकरण वास्तव में जनहित में किया जा रहा है, तो फिर सड़कों पर स्थायी अतिक्रमण हटाना किसकी जिम्मेदारी है?

नगरवासियों का आरोप है कि जहां सड़कें पहले से चौड़ी हैं। वहां कई लोगों ने अपने चार पहिया वाहन घरों के सामने सड़क पर स्थायी रूप से खड़े कर दिए जाते हैं। जिससे आवागमन बाधित होता है। सरकारी जमीनों को निजी जागीर की तरह उपयोग किया जा रहा है। लेकिन प्रशासन की नजर वहां तक नहीं पहुंच रही। नगर की सबसे गंभीर समस्या महिदपुर नाका क्षेत्र में रोज लगने वाला लंबा जाम है। यहां दुकानदारों द्वारा दुकानों के आगे लगभग 10-10 फीट तक अतिक्रमण कर लिया गया है। जिनके पास दुकानें नहीं हैं, उन्होंने भी सड़क किनारे कब्जा जमा रखा है। स्थिति यह है कि अतिक्रमण के आगे ग्राहक अपने वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे पूरा मार्ग अवरुद्ध हो जाता है। सभी को यह ज्ञात है कि उनके कारण यातायात प्रभावित हो रहा है, इसके बावजूद न दुकानदारों को चिंता है और न ही वाहन चालकों को।

इसी मार्ग से सिविल हॉस्पिटल, सांदीपनि स्कूल, दिना कॉन्वेंट स्कूल, ऑफिसर कालोनी, बस स्टैंड, जैसे महत्वपूर्ण स्थानों का आवागमन जुड़ा हुआ है। कई बार स्थिति इतनी भयावह हो जाती है कि एम्बुलेंस तक को रास्ता नहीं मिल पाता और स्कूल बसें घंटों जाम में फंसी रहती हैं। यह केवल यातायात की समस्या नहीं बल्कि जनजीवन और आपातकालीन सेवाओं से जुड़ा गंभीर विषय बन चुका है। नगर में स्टेट बैंक एवं बैंक ऑफ इंडिया के सामने भी ग्राहकों द्वारा सड़क पर वाहन खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे लगातार अव्यवस्था बनी रहती है। मुख्य बाजारों में भी यही हालात हैं और आम नागरिक प्रतिदिन परेशानियों का सामना करने को मजबूर हैं।

नगरवासियों का कहना है कि जिस नगर में 14 वर्षों तक सवारी मार्ग की सड़क नहीं बन सकी। जहां सार्वजनिक शौचालय एवं मूत्रालय जैसी मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं कराई जा सकीं, वहां केवल सड़क चौड़ीकरण को विकास बताना जनता के साथ अन्याय है। निश्चित रूप से मुख्य मार्ग पर आवागमन में कुछ सुविधा मिलेगी, लेकिन जब तक नगर में नियमित अतिक्रमण, अव्यवस्थित पार्किंग और यातायात प्रबंधन पर सख्ती नहीं होगी। तब तक वास्तविक विकास अधूरा ही रहेगा। नागरिकों ने प्रशासन एवं नगर परिषद से मांग की है कि सड़क चौड़ीकरण के साथ-साथ नगर में वर्षों से फैले स्थायी अतिक्रमणों पर भी निष्पक्ष कार्रवाई की जाए। यातायात मार्गों को अतिक्रमण मुक्त कर व्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था बनाई जाए, ताकि नगरवासियों एवं बाहरी लोगों को रोजाना की परेशानी से राहत मिल सके।

# उज्जैन-आगर रोड पर 1 करोड़ की सरकारी जमीन से हटाया कब्जा




- शासकीय भूमि से प्रशासन ने अतिक्रमण हटाया
- संचालक ने कहा एक तरफा हुई कार्रवाई

**घट्टिया।** उज्जैन-आगर मार्ग पर मुख्य चौराहा के समीप मांगलिक भवन के पास से शासकीय भूमि पर हुए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई राजस्व विभाग द्वारा शनिवार को की गई। हल्का पटवारी कमलेन्द्र मिश्रा ने चर्चा में बताया कि मुख्य चौराहा के पास लगभग 10 वर्षो से सर्वे नंबर 737 शासकीय भूमि पर बालूसिंह पिता कालूसिंह पंवार द्वारा अतिक्रमण कर सीमेंट सरिया सहित अन्य सामान की दुकान संचालित की जा रही थी। जिस पर से तहसीलदार आदर्श शर्मा के आदेशानुसार उक्त शासकीय भूमि जिसका बाजार मूल्य लगभग 1 करोड़ रुपये है, को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

शनिवार सुबह से जारी कार्रवाई में जेसीबी की मदद से अतिक्रमण तोड़कर शासकीय भूमि को खाली करवाया गया। मौके पर आरआई मोतीलाल कटारा, पटवारी कमलेन्द्र मिश्रा उपनिरीक्षक शैलेन्द्रसिंह अलावा, प्रवेश जाटव सहित प्रशासनिक अमला व भारी पुलिस बल तैनात था। अतिक्रमण हटाने के दौरान ग्रामीणों की भारी भीड़ मौजूद रहीं। वहीं ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं भी थी कि घट्टिया सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शासकीय भूमि पर अनेक जगह अतिक्रमण होकर पक्के मकान वह दुकानों का निर्माण हुआ है प्रशासन अन्य जगहों से भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करे। वही राजस्व विभाग घट्टिया का प्रशासनिक अमला पूर्व में भी अनेक बार समय समय पर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर चुका है। समाचार लिखे जाने तक कार्रवाई जारी थी।

**पटवारी रिपोर्ट के आधार पर तहसीलदार ने दिया आदेश :** तहसीलदार आदर्श शर्मा ने चर्चा में बताया कि पटवारी रिपोर्ट में उक्त शासकीय भूमि पर अतिक्रमण पाया गया था जिसपर से उक्त अतिक्रमण तोड़ने का आदेश जारी किया गया।

### छह से अधिक भाषा बोल सकती हैं पूजा हेगड़े

दुकान संचालक बालूसिंह पिता कालूसिंह पंवार ने चर्चा में बताया कि प्रशासन ने दुकान तोड़ने हेतु पूर्व में कोई सूचना नहीं दी व शनिवार सुबह अचानक दुकान खाली कर तोड़ने की बात कही। वहीं मेरे छोटे भाई तेजसिंह पंवार के नाम से न्यायलय में उक्त भूमि को लेकर प्रकरण विचाराधीन है बावजूद इसके प्रशासन ने एक तरफ़ा कार्रवाई की।

## एक नजर में

### शिवा ध्यानम् फाउंडेशन द्वारा तत्व रिट्रीट का शुभारंभ

**उज्जैन.** शिवा ध्यानम् फाउंडेशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय तत्व रिट्रीट कार्यक्रम का शुभारंभ बाल मुकुंद झलारिया मठ आश्रम में भगवान् महाकाल के जयघोष एवं आध्यात्मिक वातावरण के साथ हुआ. यह विशेष रिट्रीट 8, 9 और 10 मई तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न स्थानों से आए साधकों एवं प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आलोट विधायक चिंतामणि मालवीय उपस्थित रहे. उन्होंने शिवा ध्यानम् फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे आध्यात्मिक एवं सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए पूना से पधारी शिव साधिका दीपिका सिंह के मार्गदर्शन और सेवा भाव की भूरि-भूरि प्रशंसा की. फाउंडेशन की ओर से शिव साधिका दीपिका सिंह, सचिव डॉ. नितेश कुमार कुरील, उपसचिव जयेश कुमार गुलाटी, इंदौर से आये विशेष अतिथि के रूप में राजेंद्र जी चोरड़िया, प्रदीप जी कुमावत द्वारा विधायक चिंतामणि मालवीय का स्वागत एवं सम्मान किया गया. तत्व रिट्रीट का संचालन कर रहे सागर एवं अंश द्वारा बताया गया कि रिट्रीट के दौरान ध्यान साधना एवं आध्यात्मिक सत्रों के माध्यम से उपस्थित सभी लोगों ने आत्मिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा एवं आनंद की अनुभूति की. भागदौड़ भरी जीवनशैली से कुछ समय निकालकर प्रतिभागियों ने स्वयं से जुड़ने और आंतरिक संतुलन प्राप्त करने का अवसर पाया. शिवा ध्यानम् फाउंडेशन का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक जागरूकता, मानसिक शांति एवं सकारात्मक जीवन मूल्यों का प्रसार करना है.




### मां नर्मदा के तट पर पाप, ताप व संताप से मुक्ति

**इंदौर.** पुण्यसलिला माँ नर्मदा का पुण्य प्रताप युगों-युगों से भारतीय समाज, धर्म संस्कृति और जीवमात्र को जीवन प्रदान करते आ रहा है. नर्मदा के तट पर मनुष्य और ऋषि-मुनि तो ठीक, देवता भी तप करने आते हैं. राम-रावण युद्ध के दौरान जब हनुमानजी पर हजारों ब्रह्म राक्षसों के वध का पाप चढ़ गया था तब उन्हें भी भगवती नर्मदा के तट पर आकर तपस्या करना पड़ी तब कहीं वे श्रापमुक्त हुए. नर्मदा केवल जलधारा नहीं, प्रभु के प्रेम, भक्ति, श्रद्धा, विश्वास और जीवन के प्रवाह की ऐसी धारा है जिसके तट पर पहुंचकर हर कोई हर तरह के पाप, ताप और संताप से मुक्त बन सकता है. नर्मदा परिक्रमावासी आचार्य पं. रविकांत शास्त्री ने खजराना गणेश मन्दिर स्थित सत्संग सभागृह पर अ.भा. दादा गुरु परिवार इंदौर नर्मदा मिशन की मेजबानी में चल रहे नर्मदा चिंतन ज्ञान यज्ञ में शुक्रवार को माँ नर्मदा की लीलाओं की व्याख्या के दौरान उक्त ओजस्वी और प्रेरक विचार व्यक्त किए। कथा शुभारंभ के पूर्व कैलाश बंसल, अनिल अग्रवाल, शिव जिंदल, मधुरम अग्रवाल, नितिन विजयवर्गीय, शाश्वत शुक्ला, देवांग शर्मा आदि ने व्यास पीठ एवं नर्मदा पुराण ग्रन्थ का पूजन किया. समाजसेवी राजेंद्र बंसल एवं नित्यम बंसल ने बताया कि संध्या को माँ नर्मदा प्राकट्य उत्सव भी मनाया गया. इस दौरान इधिका नित्यम बंसल ने माँ नर्मदा के रूप में प्रकट होकर सैकड़ों भक्तों को आशीर्वाद प्रदान किए.. देश के तपोनिष्ठ संत दादागुरु भी इस पावन कथा में सानिध्य प्रदान करने 10-11 मई को इंदौर में विराजित रहेंगे. संयोजक राजेंद्र बंसल एवं नित्यम बंसल ने बताया कि कथा में शनिवार 9 मई को माँ नर्मदा की परिक्रमा की महिमा बताई जाएगी.

### महिलाओं के लिए कार रैली कल

**इंदौर.** मदर्स डे के अवसर पर इंदौर में महिलाओं के नेतृत्व में एक कार रैली मदर इंडिया- शक्ति ऑन व्हील्स का आयोजन 10 मई को किया जा रहा है। रैली का मुख्य संदेश एक उद्देश्य के लिए ड्राइव- सुरक्षित ड्राइविंग, सुरक्षित जीवन रहेगा. आयोजन का उद्देश्य महिलाओं के माध्यम से सड़क सुरक्षा, यातायात जागरूकता, जिम्मेदार ड्राइविंग और सामाजिक सहभागिता का संदेश शहरभर में पहुँचाना है. रैली का शुभारंभ प्रात: 7 बजे नेहरू स्टेडियम से होगा तथा विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए इसका समापन फीनिक्स सिटाडेल मॉल पर किया जाएगा. आयोजन में शहर की विभिन्न सामाजिक, व्यावसायिक एवं सांस्कृतिक संस्थाओं से जुड़ी महिलाएँ भाग लेंगी. इस अवसर पर प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाणपत्र, आकर्षक उपहार, प्रीमियम गिफ्ट हैम्पर, ब्रेकफास्ट एवं लंच की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी. रैली में थीम आधारित कार सजावट प्रतियोगिता भी आयोजित होगी, जिसमें रचनात्मक रूप से सजाई गई कारों को पुरस्कृत किया जाएगा. आयोजक रजनी खेतान ने बताया कि यह आयोजन केवल एक कार रैली नहीं, बल्कि महिलाओं की शक्ति, मातृत्व सम्मान और सामाजिक जिम्मेदारी का एक सकारात्मक अभियान है. रैली के माध्यम से महिलाओं को सुरक्षित यातायात और अनुशासित ड्राइविंग के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा.

### संस्कार शिक्षण शिविर में की सामूहिक पूजा

**इंदौर.** दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के करीब 40 पदाधिकारी सन्मति स्कूल में संचालित हो रहे बाल एवं युवा संस्कार शिक्षण शिविर में पहुंचे और 2100 शिविरार्थियों के साथ बहुत ही भक्ति भाव से सामूहिक पूजा की. कार्यक्रम स्थल पर विराजित भगवान मुनिसुब्रतनाथ के कलश भी देखे. दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के प्रचार प्रमुख सतीश जैन ने बताया कि ये शिविर यंग जैन स्टडी ग्रुप द्वारा पिछले 11 वर्षों से आयोजित किया जा रहा है, जिसका मार्गदर्शन माइक्रोसॉफ्ट कंपनी में रहे सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवा विद्वान पंडित प्रकाश छाबड़ा द्वारा किया जा रहा है. 22 कमरों में स्मार्ट क्लासेस चलती है, जहां शिविरार्थियों को डिजिटल बुक्स को दिखाकर पढ़ाया जा रहा है. देशभर से आए विद्वान शास्त्री व ब्रह्मचारी बहनें इन्हें जैन धर्म की शिक्षा देते हैं. दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के अध्यक्ष विनय बाकलीवाल ने कहा कि शिविर में तकनीक का उपयोग धार्मिक शिक्षा में बहुत अच्छी तरह से किया जा रहा है. इस अवसर पर जैन समाज के महामंत्री देवेंद्र सोगानी, विकास जैन जेएमबी, डीके जैन, नकुल पाटोदी, सतीश जैन, ऋषभ पाटनी, टीनू जैन, सुनील शाह, मनोज गोधा, प्रीतेश जैन, अमोद पहाड़िया, मिंटा - अजय जैन अखिलेश जैन, अजय जैन, पूनम चंद सतभैया, रितेश जैन, दिलीप डोशी, वीरेंद्र बढ़जात्या आदि विशेष रूप से उपस्थित थे.

### महाआरती और धार्मिक आयोजन में संत-महंत, लोकतंत्र सेनानी, जनप्रतिनिधि और श्याम प्रेमी रहे शामिल

# नवीन श्याम मंदिर के पांचवे वार्षिकोत्सव पर किया अभिषेक-हवन



**नागदा।** गवर्नमेंट कॉलोनी स्थित श्री नवीन श्याम मंदिर में मंदिर स्थापना के पांचवें वर्ष पूर्ण होने तथा श्री बाबोसा देव एवं गोलोकवासी पं. ओंकार प्रसाद शर्मा की प्रतिमा स्थापना के तृतीय वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भव्य वार्षिक उत्सव श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ।

उत्सव के अवसर पर प्रात:काल से ही धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला प्रारंभ हुई। वैदिक ब्राह्मणों ने मंत्रोच्चार के साथ श्री खाटू श्याम बाबा एवं श्री बाबोसा व देव प्रतिमाओं का विधिवत अभिषेक संपन्न कराया। इसके पश्चात हवन-यज्ञ, महाआरती एवं सवामणि प्रसादी का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों ने सहभागिता कर धर्मलाभ प्राप्त किया।

कार्यक्रम में महामंडलेश्वर नारायण दास त्यागी महाराज का विशेष सान्निध्य प्राप्त हुआ। वहीं उज्जैन से आमंत्रित जगदीश अग्रवाल एवं नरेंद्र केथवास, नागदा के गंगाराम गुर्जर सहित अनेक लोकतंत्र सेनानियों ने आयोजन में सहभागिता निभाई। धार्मिक आयोजन में विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान, दिलीप सिंह शेखावत, बाबू दादा गुर्जर सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्याम प्रेमी उपस्थित रहे। मंदिर परिसर बाबा श्याम के जयकारों एवं भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान रहा।

इस अवसर पर मंदिर की संचालिका मंजू शर्मा के सुपुत्र का अन्नप्राशन संस्कार भी वैदिक विधि-विधान से संपन्न कराया। मंदिर में बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार, अखंड ज्योत एवं आकर्षक सज्जा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। श्री श्याम मंदिर आयोजन समिति की ओर से सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं का स्वागत कर प्रसादी वितरित की गई। आयोजन में हनुमान प्रसाद शर्मा, महेंद्र शर्मा, मंजू शर्मा सहित अनेक श्याम प्रेमियों एवं नगरवासियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

### फोर्टिफाइड भोजन के साथ नमक, चीनी और तेल का उपयोग कम करने की दी सलाह

# ईट राइट उज्जैन : मलखंभ और योग शिविर में दिया स्वस्थ खान-पान का मंत्र



**उज्जैन। खेलों के साथ व्यक्तित्व निर्माण महा अभियान के तहत शहर में आयोजित ग्रीष्मकालीन मलखंब एवं योग प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों और उनके अभिभावकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में ईट राइट अभियान के तहत खान-पान में नमक, चीनी और तेल का उपयोग सीमित मात्रा में करने का संदेश दिया गया।**

कार्यक्रम में जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी बीएस देवलिया ने सही, स्वच्छ, सुरक्षित और फोर्टिफाइड भोजन के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। समिति के अध्यक्ष डॉ. दीपक जैन ने बताया कि इस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन दीप ज्योति हेल्थ एंड एजुकेशन वेलफेयर सोसायटी, जिला खाद्य प्रशासन विभाग और खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। आयोजन में एमआईसी सदस्य रजत मेहता और पार्षद सुशील श्रीवास बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए, जबकि संरक्षक डॉ. कपिल कटारिया भी विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों को अल्पाहार का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में मलखंब व योग कोच राहुल बारोट, वीशनेस सुगंधी, आदित्य गहलोत और संजना प्रजापति सहित बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

# नेशनल लोक अदालत में 174 प्रकरण निराकृत




**खाचरौद।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत लगाई गई। इसका शुभारंभ प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश नीतूकांता वर्मा, द्वितीय जिला न्यायाधीश नीरज शर्मा, शैफाली सिंह व्यवहार न्यायाधीश वर्ग वरिष्ठ खण्ड, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड निर्मला पटेल ने दीप प्रज्जवलित, माल्यार्पण कर एवं अभिभाषक संघ अध्यक्ष प्रवीण पंड्या, अभिभाषक विद्युत मंडल कनिष्ठ यंत्री संजय मालवीय, शशिरंजन, सौरभ शर्मा एवं समस्त बैंकों के बैंक मैनेजर, तथा नगरपालिका के समस्त पदाधिकारी न्यायालय कर्मचारी द्वारा सरस्वती पूजन एवं माल्यार्पण कर लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। नेशनल लोक अदालत में नीतू कांता वर्मा प्रथम जिला एवं सत्र के न्यायालय के 17 विद्युत अधिनियम के लंबित प्रकरणों का निराकरण किया गया। द्वितीय जिला न्यायाधीश नीरज शर्मा के न्यायालय से 5 क्लेम प्रकरण एवं 1 हिंदू विवाह अधिनियम का निराकरण किया गया, व्यवहार न्यायाधीश शैफाली सिंह के न्यायालय के कुल 101 प्रकरण का निराकरण किया गया। निर्मला पटेल व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 के न्यायालय के कुल 34 प्रकरणों का निराकरण किया गया। आपराधिक प्रकरण 7, एन आई एक्ट के 2 प्रकरण, नगर पालिका जलकर व दुकान किराया, जलकर, दूर संचार विभाग व बैंक रिकवरी के प्रिलिटिगेशन प्रकरण में से 51 तथा विद्युत के प्रीलिटिगेशन 14 प्रकरणों का निराकरण हुआ। इस प्रकार कुल 174 प्रकरणों का निराकरण हुआ। जिसमें 2510500 रुपये प्राप्त हुए। न्यायालय में लम्बित प्रकरणों में से 106 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

## एक नजर

### उज्जैन जिला शरीर सौष्ठव संघ का ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर एवं प्रतिभा अभिनंदन समारोह संपन्न

# उज्जैन के चहुंमुखी विकास में खेलों को मिलेगा पूर्ण महत्व : डॉ. सोलंकी

**उज्जैन। युवा भारत की सांस्कृतिक विरासत के सजग प्रहरी हैं। बलिष्ठ युवा राष्ट्र के मणि मुक्तक होते हैं और युवा तरुणाई देश की आन-बान-शान है। राष्ट्र की बेटियों की रचनात्मक विचारधारा ने देश की प्रगति को नए पंख दिए हैं। उज्जैन के चहुंमुखी विकास में खेलों के विकास को भी पूर्ण महत्व दिया जाएगा। यह विचार उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी ने व्यक्त किए।**

वे उज्जैन जिला शरीर सौष्ठव द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर एवं अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतिभा अभिनंदन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। अपने उद्बोधन में उन्होंने स्वस्थ संसार व्यायाम केंद्र को उज्जैन में बॉडीबिल्डिंग खेल का प्रकाश स्तंभ बताया। समारोह की अध्यक्षता पूर्व मिस्टर इंडिया सिविल सर्विसेज जितेंद्र सिंह कुशवाह ने की।

**खेल प्रतिभाओं का हुआ विशिष्ट सम्मान:** इस गरिमामय अवसर पर अंतरराष्ट्रीय कुश्ती पहलवान प्रियांशी मुकेश प्रजापत और बॉडीबिल्डिंग के स्टार खिलाड़ी कमलेश चांगल का विशिष्ट खेल अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन इंजीनियर गजेंद्र मेहता ने दिया। संचालन बॉडीबिल्डिंग के शैलेंद्र व्यास ने किया।

**खेल संघों के पदाधिकारियों ने किया बहुमान:** कार्यक्रम के दौरान संस्था की ओर से मुख्य अतिथि डॉ. रवि सोलंकी को पगड़ी, दुपट्टा, पुष्पमाला एवं स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन की पदाधिकारी ज्योति शर्मा व रितु शर्मा, जिमनास्टिक्स से आरएल वर्मा, टेबल टेनिस से राजेश शर्मा, बॉडीबिल्डिंग से विकास वर्मा, तैराकी से हरीश शुक्ला व अविनाश टाटावत, पावरलिफ्टिंग से जय यादव व आनंद सोलंकी तथा वेटलिफ्टिंग से सुजल बामने और आकाश सिंह परिहार ने उनका बहुमान किया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन चेयरमैन प्रेम सिंह यादव ने किया।

